# 10 वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर नया रायपुर के जंगल सफारी करीब 200 लोगों ने किया योगा

❒ पर्यावरण के बीच आंतरिक शांति के लिये हुए इकट्ठा, योग के महत्व को समझा

रायपुर । आरएनएस



10 वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में नया रायपुर के नंदनवन जंगल सफारी में 21 जून को पर्यटन मंत्रालय (भारत सरकार), छत्तीसगढ़ नोडल कार्यालय, रायपुर, नंदनवन जंगल सफारी, नया रायपुर, छत्तीसगढ़ पर्यटन बोर्ड और नया रायपुर विकास प्राधिकरण (एनआरडीए) के संयुक्त तत्वाधान में योग दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया.

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की 2024 थीम थी स्वयं और समाज के लिए योग. जंगल सफारी में सुबह 6:30 से 8 बजे तक इस उपक्रम का आयोजन किया गया था. कार्यक्रम में राज्य वन अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान तथा राज्य लघु वनोपज संघ के प्रबंध निदेशक अनिल कुमार साहु, मुख्य अतिथी के रुप में उपस्थित थे।

इस अद्भुत उपक्रम में योग, ध्यान और विश्राम जैसी विभिन्न गतिविधियां शामिल थी। जिसे विश्व रेकॉर्ड में शामिल करने हेतु की थीम के साथ में व्हिडीओ के माध्यम से भेजा जाएगा।

इस कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को योग के स्वास्थ्य लाभों के बारे में जागरूक करना, जंगल सफारी और इसके प्राकृतिक परिवेश को बढ़ावा देना, युवाओं को वन संरक्षण और वन्यजीव संवर्धन से जोडऩा साथ ही पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाना है. यह कार्यक्रम छत्तीसगढ़ में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए महत्वपूर्ण अवसर है। साथ ही नागरिकों को योग के महत्व के बारे में जागरूक करने और उन्हें प्रकृति से जुडऩे के लिए प्रेरित करता है।

जंगल सफारी के संचालक धम्मशील गणवीर ने इस कार्यक्रम के महत्व पर प्रकाश डाला. उन्होंने कहा, यह आयोजन न केवल लोगों को योग के स्वास्थ्य लाभों से अवगत कराने का एक शानदार तरीका था, बल्कि यह जंगल सफारी और इसके प्राकृतिक परिवेश को बढ़ावा देने का भी एक अवसर था।

पर्यटन मंत्रालय भारत सरकार, छत्तीसगड नोडल कार्यालय के प्रबंधक मयंक दुबे ने कहा, हम इस कार्यक्रम की सफलता से अभिभूत हैं। यह देखकर खुशी हुई कि इतनी बड़ी संख्या में लोग योग के प्रति उत्साहित थे।

योग दिवस समारोह में शामिल होने वाले एक आगंतुक ने अपनी भावना व्यक्त करते हुए कहा, यह एक अविस्मरणीय अनुभव था। जंगल के शांत वातावरण में योग करना एक अद्भुत अनुभव था।

**जंगल सफारी में विविध उपक्रमों का आयोजन** - जंगल सफारी, नया रायपुर में पर्यावरण के साथ-साथ इको टुरिज्म, वन-वन्यजीव संवर्धन संरक्षण के प्रति नागरिकों को जागरुक तथा शिक्षित करने हेतु विविध उपक्रम, गतिविधियों का आयोजन समय समय पर किया जाता है. इसमें ज्यादा से ज्यादा नागरिकों और युवाओं को जोडने के लिए 5 जून विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर जंगल सफारी, नया रायपुर और फाउंडेशन फॉर इकोलॉजिकल सर्वे के संयुक्त तत्वाधान में 'युवान' नामक वालंटियर अभियान की शुरुआत की गई. युवान याने 'युवा+वन' जिसके माध्यम से युवा वन संरक्षण, वन्यजीव संवर्धन से जुडकर पर्यावरण की प्रति सजग हो सके और अधिक से अधिक लोगों को विविध उपक्रमों के माध्यम से जागरुक कर सकें।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### निशुल्क फोटोग्राफी एवं विडियोग्राफी प्रशिक्षण 24 जून से, पंजीयन प्रारंभ

**रायगढ़।** भारतीय स्टेट बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान, रायगढ़ में 24 जून 2024 से 30 दिवसीय विडियोग्राफी एवं फोटोग्राफी का प्रशिक्षण प्रारंभ होने जा रहा हैं। जिसके लिये पंजीयन प्रारंभ हो चुकी हैं। प्रशिक्षण के लिये रायगढ़ एवं सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले के ग्रामीण क्षेत्र में निवासरत गरीबी रेखा के नीचे जीवन-यापन करने वाले परिवार के शिक्षित बेरोजगार युवक/युवती एवं महिला/पुरुष को प्रशिक्षण दिया जाना हैं। प्रशिक्षण में भाग लेने के लिये उम्र 18 वर्ष से 45 वर्ष एवं कम से कम 08वीं पास होना अनिवार्य हैं। प्रशिक्षाणार्थी अपने साथ अंकसूची, आधार कार्ड, गरीबी रेखा राशन कार्ड, रोजगार गारंटी जॉब कार्ड, बैंक पासबुक एवं 05 रंगीन पासपोर्ट साईज का फोटो लेकर भारतीय स्टेट बैंक गामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान टी.वी. टॉवर रोड़ क्षेत्रीय पंचायत एवं ग्रामीण विकास प्रशिक्षण केन्द्र के पीछे छोटे अतरमुड़ा, रायगढ़ में पंजीयन करा सकते हैं। प्रशिक्षण से संबंधित जानकारी के लिये मोबा.नं.8305158855 में संपर्क कर सकते हैं। उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिये 35-35 सीट निर्धारित हैं। इस दौरान प्रमाणित प्रशिक्षकों द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया जाता हैं। प्रशिक्षण अवधि में खाना, रुकना एवं सीखना पूर्णत: नि:शुल्क रहेगी। प्रशिक्षण पश्चात् प्रमाण पत्र दिया जायेगा। व्यवसाय प्रारंभ करने हेतु बैंक से ऋण भी उपलब्ध कराया जाता हैं।

### एक लाख के ईनामी समेत 9 नक्सली गिरफ्तार

**बीजापुर (आरएनएस)।** जिले में पुलिस जवानों को फिर एक बड़ी सफलता मिली है. जवानों ने एक लाख के ईनामी समेत 9 नक्सलियों को गिरफ्तार किया है. बताया जा रहा है कि इन नक्सलियों पर हत्या, फायरिंग, आईईडी ब्लास्ट, रोड काटने, पाम्पलेट लगाने जैसे कई गंभीर आरोप हैं. बता दें कि बीजापुर समेत सभी नक्सल प्रभावित जिलों में सुरक्षा बलों की ओर से नक्सल विरोधी अभियान चलाया जा रहा है. इसी कड़ी में आज थाना बासागुड़ा के जवान, कोबरा 210, सीआरपीएफ 168 बटालियन व 229 बटालियन की संयुक्त टीम अलग-अलग थानों से पुसबाका जंगल व टेकमेटला के जंगलों पर सर्चिंग के लिए निकली थी. इस दौरान पुलिस को देख ये नक्सली जंगलों में छिपते और भागते नजर आए. इस दौरान पुलिस ने मुस्तैदी दिखाते हुए एक लाख के इनामी सहित 9 नक्सलियों को घेराबंदी कर गिरफ्तार किया. पुलिस ने नक्सलियों के पास से टिफिन बम, इलेक्ट्रिक वायर, बैटरी, स्पाइक, स्पीलिंटर, जिलेटिन, कार्डेक्स वायर, प्रतिबंधित माओवादी संगठन के पाम्पलेट और बैनर बरामद किया है. जानकारी के मुताबिक, सभी नक्सली संगठन में सक्रिय थे. इन सभी के खिलाफ थाना बासागुड़ा, उसूर एवं तर्रेम में वैधानिक कार्रवाई के बाद न्यायिक रिमांड पर न्यायालय में पेश किया गया है.

### जानलेवा हमला करने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार

**दुर्ग (आरएनएस)।** जिले के भिलाई सुपेला थाना क्षेत्र में एक युवक पर जानलेवा हमला कर फरार होने वाले तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मिली जानकारी के अनुसार सेक्टर-4 भिलाई निवासी प्रार्थी हिमांशु सिंह ने दिनांक 20.06.2024 की रात्रि करीबन 12.25 बजे थाना सुपेला में रिपोर्ट दर्ज कराया कि उसके दोस्त शिवशंकर को एचडीएफसी बैंक सुपेला के सामने हितेश एवं उनके 02 अन्य साथियो के द्वारा ताबड़तोड़ लात घुसे से मारपीट किया। तथा हितेश द्वारा अपने हाथ में रखे राडनुमा वस्तु से शिवशंकर की हत्या करने के नियत से सिर एवं हाथ पैर में ताबड़तोड़ वार किया गया जिससे शिवशंकर मौके पर गिर गया। प्रार्थी द्वारा मौके पर जाने से तीनो वहां से फरार हो गये। रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। मामले में वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के निर्देश पर सुपेला पुलिस त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपी हितेश कुमार वर्मा, रूपेश कुमार मानिकपुरी एवं खोमेश दास जंघेल को शुक्रवार को पकड़ा गया। आरोपियों ने पूछताछ करने पर अपना जुर्म स्वीकार किया।

# पुलिस ने गुम नाबालिगों की खोज में एक और लापता बालिका को किया दस्तयाब

❒ नाबालिक को भगा ले जाने वाला युवक को गिरफ्तार कर भेजा गया रिमांड पर

रायगढ़



पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के दिशा-निर्देशन पर सभी थानों में गुम इंसान खोज की खोजबिन का विशेष अभियान चलाया जा रहा है जिसमें कोतवाली पुलिस को थाना क्षेत्र से लापता हुई एक और बालिका को दस्तयाब किया गया है। कोतवाली पुलिस ने नाबालिक को भगा ले जाने वाले युवक को दुष्कर्म और पोक्सो एक्ट में गिरफ्तार कर न्यायिक आज रिमांड पर भेजा गया है।

गुम बालिका के संबंध में 23 दिसंबर 2023 को बालिका की मां द्वारा थाना कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि 21 दिसंबर के सुबह बालिका बिना बताए कहीं चली गई थी जिसे मोहल्ले तथा आसपास पता किये, बालिका का कहीं पता नहीं चला। थाना कोतवाली में अज्ञात आरोपी के विरुद्ध अपराध क्रमांक 911/2024 धारा 363 आईपीसी के तहत अज्ञात आरोपी पर अपराध पंजीबद्ध कर बालिका का पतासाजी की जा रही थी। विवेचना दरम्यान बालिका को पुरुषोत्तम दुबे उर्फ पिंटू जिला सरगुजा द्वारा बहला फुसलाकर भगा ले जाने की जानकारी मिली। बालिका और संदेही लगातार निवास स्थान बदला जा रहा था कि कल गुम बालिका और संदेही युवक को रायगढ़ रेलवे स्टेशन के पास देखा गया। कोतवाली पुलिस द्वारा बालिका और संदेही को अभिरक्षा में लिया गया। बालिका का महिला अधिकारी से कथन एवं काउंसलिंग कराया गया जिसमें बालिका बताई कि पुरुषोत्तम रायगढ़ में काम करता था जिससे जान परिचय था। पिछले साल 21 दिसंबर को पुरुषोत्तम शादी कर पत्नी बनाकर रखने का विश्वास दिलाकर अपने साथ अंबिकापुर ले गया। जहां एक किराए मकान में पत्नी की तरह रखा फिर उसके बाद महाराष्ट्र ले गया था। बालिका के कथन, मेडिकल पर प्रकरण में धारा 366, 376(2),(ढ़) आईपीसी 4, 6 पॉक्सो एक्ट की धारा विस्तारित कर आरोपी पुरुषोत्तम दुबे उर्फ पिंटू पिता स्वर्गीय वेद प्रकाश दुबे उम्र 19 साल निवासी गुमगराखुर्द मोहल्ला आमाटिकरा थाना लखनपुर जिला सरगुजा को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर पेश कर जेल दाखिल किया गया है। गुम बालिका की पतासाजी और पतासाजी की गिरफ्तारी की कार्यवाही थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक सुखनंदन पटेल एवं महिला उप निरीक्षक दीपिका निर्मलकर की विशेष भूमिका रही है।

# सट्टा-पट्टी लिख रहे युवक पर जूटमिल पुलिस ने की जुआ प्रतिषेध अधिनियम की कार्यवाई

रायगढ़

दिनांक 20.06.2024 को थाना प्रभारी जूटमिल निरीक्षक मोहन भारद्वाज के नेतृत्व में टाऊन पेट्रोलिंग दौरान थाना जूटमिल स्टाफ द्वारा मुखबीर सूचना पर कबीर चौक बीमा हास्पिटल के सामने सहाबुद्दीन नामक व्यक्ति को सट्टा-पट्टी पर जुआ खेलाते पकड़ा गया है।

आरोपी सहाबुद्दीन खान पिता सहानुद्दीन खान उम्र 35 वर्ष सा. गांधी नगर जूटमिल रायगढ थाना जूटमिल जिला रायगढ़ के कब्जे से नगदी रकम 390/रूपये, एक नग कोरा कागज में विभिन्न अंको एवं अक्षरो में लिखा सट्टा हिसाब एवं एक डाटपेन पुलिस द्वारा जप्त किया गया है।

थाना जूटमिल में आरोपी पर अप.क्र. 283/2024 धारा 04, 06 (ख) छ.ग. जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 के तहत कार्यवाही कर रिमांड पर पेश कर जेल दाखिल किया गया है। एसपी दिव्यांग कुमार पटेल के मार्गदर्शन पर जूटमिल पुलिस लगातार जुआ-सट्टा एवं अवैध शराब पर कार्रवाई कर रही है।

# टैक्स चोरी करने कागज में दिखाए 7 फर्जी फर्म, बिचौलिया गिरफ्तार

**रायपुर (आरएनएस)।** राजधानी रायपुर में केंद्रीय जीएसटी ने फर्जी तरीके से टेक्स बचाने के मामले मे एक बिचौलिये को गिरफ्तार किया है। बताया जाता है कि पकड़े गये व्यक्ति ने अपने मालिक का टैक्स बचाने के लिए सात फर्जी फर्मो का निर्माण किया था तथा उसके आड़ में करोड़ों रूपये का फर्जी इनपुट टैक्स क्रेडिट लिया। मामले में फर्म मालिक पहले की गिरफ्तार किया जा चुका है। जीएसटी आयुक्त मोम्मद अबु सामा ने बताया कि विशेष खुफि या जानकारी और डेटा विश्लेषण के आधार पर यह पता चला कि फर्जी इनपुट टैक्स क्रेडिट पास करने के लिए कई फर्जी फ़र्में बनाई गई हैं। व्यापक निगरानी के बाद 4.05.2024 को सर्वेश कुमार पाण्डेय नामक एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया, जिसने बड़ी संख्या में फ र्जी फ र्मों से 70 करोड़ से अधिक का फर्जी इनपुट टैक्स क्रेडिट लिया था। इस मामले में आगे जांच करने पर पता चला कि दीपक कुमार मिश्रा नाम का एक अन्य व्यक्ति जो कि मेसर्स दीपक एंटरप्राइजेज, रायपुर का मालिक है तथा जो सर्वेश कुमार पाण्डेय के ब्रोकर के रूप में काम करता था, वह भी इसी तरह की गतिविधियों में लिप्त है। यह पाया गया कि उसने सात ऐसे फ र्मों से 5.73 करोड़ रुपये का फर्जी इनपुट टैक्स क्रेडिट लिया है, जो कि अस्तित्व में नहीं हैं। तथ्यों और साक्ष्यों के सामने आने पर दीपक कुमार मिश्रा ने कई अन्य फ़ र्मों से फर्जी इनपुट टैक्स क्रेडिट का लाभ लेने की बात स्वीकार की।

# कलेक्टर साहू ने सरिया क्षेत्र के बाढ़ संभावित गावों का लिया जायजा

❒ बाढ़ के पूर्व कलेक्टर के नेतृत्व में जिला टीम का दौरा

सारंगढ़ बिलाईगढ़

जिले के सरिया क्षेत्र के बाढ़ संभावित गांवो सांकरा और ठेंगागुड़ी का जायजा लेने कलेक्टर धर्मेश साहू, एसपी पुष्कर शर्मा, एसडीएम अनिकेत साहू, तहसीलदार शनि पैकरा आदि पहुंचे। कलेक्टर ने वहां सरकार की योजनाओ के कार्यों का अवलोकन किया और ग्रामीणों से पूछकर पीएम आवास, नल जल योजना, महतारी वंदन, पीएम किसान सम्मान निधि, पेंशन, राशनकार्ड, पीडीएस राशन का मैदानी क्षेत्रों में योजनाओ के पहुंच का जायजा लिया। जिला टीम ने बरमकेला से ओडिशा सीमा अंचल स्थित ग्राम पंचायत सांकरा का भ्रमण कर अवलोकन किया। इस बार जिला प्रशासन, बाढ़ के पूर्व तैयारी को लेकर कोई कसर नहीं छोड़ना चाह रहा है। कलेक्टर ने बाढ़ तटबंधों का सघन जायजा लिया।

सरिया तहसील अंतर्गत आने वाले बाढ़ ग्राम पंचायतों मे लोगों की बाढ़ के समय किसी भी प्रकार की कठिनाइयों से जूझना नहीं पड़े। इसको लेकर प्रशासन पूरी मुस्तैदी के साथ काम कर रहा है। बाढ़ के समय बाढ़ पीड़ितों को रहने के लिए ऊंचे स्थल का भी चयन, लगने वाले शिविर में बाढ़ पीड़ितों को हर तरह की मूलभूत सुविधाएं बिजली, पानी, पहुंच पथ और सामुदायिक किचन के लिए आदिवासी बालक आश्रम सांकरा को चिन्हित किया गया है। विगत पाक्षिक में बाढ़ आपदा की बैठक और मॉकड्रिल किया जा चुका है।

बैठक में पानी से कैसे बचाव जरूरी है। खाद्य पदार्थों का भंडारा, कहां लोगों को ठहराव करना है, किस तरह से लोगों को स्वास्थ्य सुविधाएं मिले। इन सभी मुद्दों पर समीक्षा बैठक लेकर सभी सुविधाओं के बारे में अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए हैं।

वही शासन की योजनाओं का जनता को लाभ मिल रहा है कि नहीं इन संबंध में भी चर्चा किया गया। इस दौरा के जिला टीम में कलेक्टर, एसपी के अलावा हरिशंकर चौहान परियोजना निर्देशक, सीएमएचओ डॉक्टर अवधेश पाणिग्राही, एसडीएम अनिकेत साहू, तहसीलदार शनिराम पैकरा, डॉ. संजय पटेल बीएमओ, प्रज्ञा यादव सीईओ कमलेश कुमार मेहरा पीईओ, महिला बाल विभाग सहित गांव के सरपंच सचिव सहित ग्रामीण जन उपस्थित थे।

# स्कूटी पर शराब परिवहन कर रहे युवक को भूपदेवपुर पुलिस ने पकड़ा, आरोपी से 10 लीटर महुआ शराब और इलेक्ट्रानिक स्कूटी जब्त

रायगढ़



दिनांक 21.06.2024 को मुखबीर सूचना पर भूपदेवपुर पुलिस की पेट्रालिंग द्वारा ग्राम किरीतमाल एनएच-49 पर घेराबंदी कर इलेक्ट्रानिक स्कूटी पर महुआ शराब की तस्करी कर रहे युवक को पकड़ा गया है।

जानकारी के मुताबिक आज सुबह थाना प्रभारी भूपदेवपुर निरीक्षक रामकिंकर यादव को मुखबीर से सूचना मिला कि एक व्यक्ति महुआ शराब अवैध बिक्री के लिये इलेक्ट्रानिक स्कूटी पर लेकर ग्राम किरीतमाल की ओर आ रहा है। थाना प्रभारी द्वारा पेट्रोलिंग स्टाफ को तत्काल किरीतमाल पहुंचकर कार्रवाई करने निर्देशित किया गया। थाना भूपदेवपुर की पेट्रोलिंग द्वारा ग्राम किरीतमाल एनएच-49 के समीप घेराबंदी कर संदेही स्कूटी चालक को शराब तस्करी करते पकड़ा गया। संदेही अपना नाम डिगाम्बर साहू पति गजानंद साहू उम्र 31 वर्ष साकिन किरीतमाल थाना भूपदेवपुर जिला रायगढ़ बताया जिसके कब्जे से दो-दो लीटर क्षमता वाले पांच कोल्डड्रिंक बॉटल में भरा कुल 10 लीटर महुआ शराब पाया गया जिसे डिगाम्बर साहू द्वारा अवैध बिक्री के लिए परिवहन करना बताया। आरोपी डिगाम्बर साहू से 10 लीटर अवैध महुआ शराब कीमती रु.1,000 रूपये तथा एक लाल रंग की इलेक्ट्रानिक स्कूटी क्रमांक CG-13 AS-4533 कीमती रु.70,000 कुल जुमला किमती रु.71,000 का जप्त कर आरोपी पर थाना भूपदेवपुर में अप.क्र. 65/2024 धारा 34(2),59(क) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया है। जप्त इलेक्ट्रानिक स्कूटी को पुलिस राजसात की कार्यवाही के लिए प्रतिवेदन जिला दंडाधिकारी को प्रेषित किया जावेगा। शराब रेड कार्रवाई में थाना भूपदेवपुर के प्रधान आरक्षक शंभू पाण्डेय, आरक्षक मुरली पटेल, बोधराम सिदार और विजय पटेल शामिल थे।

# रविवार 23 जून को होगी पीपीटी और टीईटी की परीक्षा

सारंगढ़ बिलाईगढ़

सीजी व्यापमं द्वारा सारंगढ़ जिला मुख्यालय को पीपीटी और सीजी टीईटी परीक्षा का परीक्षा केन्द्र बनाया गया है, जिसका परीक्षा 23 जून 2024 रविवार को संपन्न होगा। व्यापमं की वेबसाईट व्यापम डॉट सीजीस्टेट डॉट जीओव्ही डॉट इन से प्रवेश पत्र डाउनलोड किया जा सकता है। पीपीटी परीक्षा पूर्वान्ह 9 बजे से दोपहर 12.15 बजे तक किया जाएगा। सीजी टीईटी का प्रायमरी परीक्षा प्रथम पाली में सुबह 9.30 बजे से दोपहर 12.15 बजे तक किया जाएगा। इसी प्रकार सीजी टीईटी का माध्यमिक परीक्षा द्वितीय पाली दोपहर 2 बजे से शाम 4.45 बजे तक किया जाएगा। व्यापम ने परीक्षार्थियों को निर्देश में कहा है कि प्रवेश पत्र के सभी पेज का प्रिंट आउट लें और पेज के केवल एक तरफ प्रिंट करें ताकि प्रत्येक परीक्षा हेतु व्यापम की प्रति परीक्षा केन्द्र में जमा होगी। परीक्षार्थी काले या नीले बॉल पेन का उपयोग कर सकते हैं। परीक्षा केन्द्र में किसी भी प्रकार के मोबाइल फोन, इलेक्ट्रॉनिक घड़ी या अन्य सामग्री लेकर जाना पूर्णतः वर्जित है। प्रवेश पत्र की कॉपी सुरक्षित रखें।

**निर्धारित समय पर सही परीक्षा केन्द्र में दी जाएगी प्रवेश** - परीक्षा दिवस को प्रत्येक परीक्षार्थी लगभग एक घंटे पूर्व अपने परीक्षा केन्द्र में उपस्थित रहें। जिससे उनके मूल पहचान पत्र से उनका पहचान किया जा सके एवं परीक्षा केंद्र में जाने हेतु अनुमति दी जा सके। यह उचित होगा कि, परीक्षार्थी परीक्षा दिवस से एक दिन पूर्व ही अपने परीक्षा केन्द्र की भौगोलिक स्थिति से भलीभाँति परिचित हो जायें। परीक्षा प्रारंभ होने के पश्चात् किसी को भी परीक्षा केन्द्र में प्रवेश नहीं दिया जायेगा।

**पहचान पत्र का ओरिजनल कॉपी लेकर जाएं परीक्षार्थी-** परीक्षार्थियों को अपना फोटोयुक्त मूल आई डी. प्रूफ जैसे मतदाता पहचान पत्र/ड्रायविंग लायसेंस/पेन कार्ड/आधार कार्ड / पासपोर्ट/विद्यालय का फोटोयुक्त परिचय पत्र / फोटोयुक्त अंकसूची मूलरूप में (फोटो कॉपी मान्य नहीं) परीक्षा दिवस में परीक्षा केन्द्र में लाना अनिवार्य होगा। मूल पहचान पत्र के अभाव में परीक्षा केन्द्र में प्रवेश नहीं दिया जायेगा।

**दिव्यांग रख सकेंगे सह लेखक-** दिव्यांग परीक्षार्थी पीपीटी परीक्षा के लिए हाल ही में आठवीं उत्तीर्ण किए अपने विश्वासपात्र या परीक्षा केन्द्र द्वारा उपलब्ध कराए गए सह लेखक से परीक्षा दे सकता है। ध्यान देने वाली बात यह है कि सह लेखक का योग्यता दसवीं से अधिक उत्तीर्ण नहीं होना चाहिए। साथ ही कम उम्र के सह लेखक को प्राथमिकता दी जाएगी। सीजी टीईटी प्रायमरी परीक्षा हेतु सह लेखक दसवीं उत्तीर्ण होना चाहिए और सीजी टीईटी माध्यमिक परीक्षा हेतु सह लेखक बारहवीं उत्तीर्ण होना चाहिए। इसके लिए निर्धारित शपथ पत्र के साथ परीक्षार्थी और सह लेखक को परीक्षा केन्द्र में उपस्थित होना होगा।

**हेल्पलाइन 8269801982 पर संपर्क कर सकते हैं-** किसी भी परीक्षार्थी को परीक्षा केन्द्र के सम्बंध में कठिनाई होती है तो हेल्पलाइन नंबर 0771-2972780 एवं मोबाइल नंबर 8269801982 पर संपर्क कर सकते हैं। अभ्यर्थी संपूर्ण प्रवेश पत्र डाउनलोड करें और उसका प्रिंट आउट अवश्य निकालें।

SJU - Contact No. +91 9301915303
E-mail ID- sjunion29@gmail.com
Social Justice Union
Registered with Govt. No. 5526
Join SJU
अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता
इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी राकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यका, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां
मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तो का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु
प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें
संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु
- संघ पर्यावरण संरक्षण एवे पर्यावारण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ प्रदेश मे महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित कराएगा।

पढिए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
:: Address :: Behind Stadium Near Career School, Raigarh, C.G. Pin 496001
www.nyaysakshi.com
सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।
Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU